# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 20 अप्रैल 2025








GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

# Q. राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कितनी मेगावॉट क्षमता के सोलर पावर प्लांट का शुभारंभ किया?

(a) 975 मेगावॉट
(b) 475 मेगावॉट
(c) 300 मेगावॉट
(d) इनमें से कोई नही

◆मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जैसलमेर के पोकरण को एक बड़ी सौगात दी है. CM ने 17 अप्रैल पोकरण के भिनाजपुर में 975 मेगावॉट के सोलर पावर प्लांट का शुभारंभ किया.

◆रिन्यू पावर की ओर से भिनाजपुर में सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया

◆यह संयंत्र 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत निर्मित किया गया है, जिसमें 90 प्रतिशत कंपोनेंट्स राजस्थान से ही खरीदे गए हैं।

01. ग्रीस में आयोजित विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैम्पियनशिप 2025 में राजस्थान की 9 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी कियाना परिहार ने कौनसा पदक जीता है?

(A) स्वर्ण पदक

(B) रजत पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦उदयपुर की 9 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी कियाना परिहार ने ग्रीस में आयोजित विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैम्पियनशिप 2025 में अंडर-10 बालिका वर्ग में कांस्य पदक जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

♦वह विश्व स्तर पर शतरंज में पदक जीतने वाली राजस्थान की पहली खिलाड़ी बन गई हैं।

♦कियाना 2025 में थाईलैंड, जॉर्जिया और अन्य अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

02. हाल ही में राजस्थान की भजनलाल सरकार ने प्रदेश में कितने नए परिवहन कार्यालयों को खोलने की अधिसूचना जारी की है?

(A) 3

(B) 5

(C) 8

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान की भजनलाल सरकार ने प्रदेश में 3 नए परिवहन कार्यालयों को खोलने की अधिसूचना जारी कर दी है। इस दौरान अनूपगढ़-श्रीगंगानगर, डीग और खैरथल तिजारा में नए RTO बनेंगे।

♦जिसके बाद अब वाहन पंजीकरण, ड्राइविंग लाइसेंस, टैक्स, परमिट और अन्य परिवहन सेवाओं के लिए स्थानीय निवासियों को अन्य स्थानों पर नहीं भटकना पड़ेगा

♦डीग के इस नए कार्यालय को नया पंजीयन कोड RJ-63, अनूपगढ़-श्रीगंगानगर को RJ-62 और खैरथल-तिजारा को RJ-64 का कोड दिया गया है।

03. हाल ही में किस राज्य में मान्यता प्राप्त पत्रकारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजना लागू की जा रही है?

(a) राजस्थान

(b) उत्तरप्रदेश

(c) मध्यप्रदेश

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने मान्यता प्राप्त पत्रकारों के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति योजना की अधिसूचना जारी कर दी है।

♦बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की पूर्ति करते हुए राज्य के सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए यह योजना शुरू की गई है।

♦ ऐसे मान्यता प्राप्त पत्रकारों के दो बच्चे जिनकी स्वयं की आजीविका पूरी तरह पत्रकारिता पर निर्भर है और अभ्यर्थी की स्वयं की वार्षिक आय 5 लाख रुपये से कम है, पात्र होंगे।

04. जल जीवन मिशन की राष्ट्रीय रैंकिंग में राजस्थान कौनसे स्थान पर है?

(a) 30वें

(b) 31वें

(c) 15वें

(d) इनमें से कोई

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ जल जीवन मिशन की राष्ट्रीय रैंकिंग में राजस्थान 31वें स्थान पर है।

♦राज्य में कुल 1.07 करोड़ परिवारों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य था, लेकिन अब तक 45% घरों में कनेक्शन नहीं हो सका है।

♦केंद्र सरकार ने मिशन की अवधि तीन साल बढ़ा दी है,

♦प्रदेश में सिर्फ 56% काम ही पूरा हो सका है, जबकि मार्च 2024 तक 100% कनेक्शन का लक्ष्य था।

**05. जयपुर में स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का दूसरा स्थापना दिवस कब मनाया गया है?**

(A) 16 अप्रैल, 2025 को

(B) 17 अप्रैल, 2025 को

(C) 15 अप्रैल, 2025 को

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥ हाल ही में 17 अप्रैल, 2025 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का दूसरा स्थापना दिवस मनाया गया है

♦17 अप्रैल, 2023 को राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर के झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का लोकार्पण किया था।

♦दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर और इंडिया हैबिटेट सेंटर की तर्ज पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का निर्माण लगभग 140 करोड़ रुपए की लागत से किया गया

♦इस सेंटर में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों सहित उच्च स्तरीय बैठकों, सेमिनारों एवं सम्मेलनों का आयोजन किया जाता है

06. राजस्थान में सवाई माधोपुर जिले के रणथंभौर बाघ अभयारण्य में किस बाघिन ने 3 शावकों को जन्म दिया है?

(A) बाघिन टी 101

(B) बाघिन टी 107

(C) बाघिन टी 105

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦ राजस्थान में सवाई माधोपुर जिले के रणथंभौर बाघ अभयारण्य में बाघिन टी 107( सुल्ताना) ने तीन शावकों को जन्म दिया है

♦9 वर्षीय बाघिन टी-107 सुल्ताना चौथी बार मां बनी है

♦ राजस्थान में रणथंभौर में बाघों की संख्या 74 हो गई है।

♦इनमें 24 बाघ, 24 बाघिन और 26 शावक शामिल हैं।

07. राजस्थान में मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 हेतु कितना बजट का प्रावधान किया गया है?

(a) 100 करोड़ रुपए

(b) 200 करोड़ रुपए

(c) 300 करोड़ रुपए

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥ राजस्थान की भजनलाल सरकार ने भूमि विकास बैंकों के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 लागू कर दी है।

♦योजना के माध्यम से ऋणी सदस्यों को पुन मुख्यधारा में लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 200 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

♦अवधिपार मूलधन और बीमा प्रीमियम की सम्पूर्ण राशि ऋणी द्वारा जमा कराए जाने पर प्रदेश सरकार द्वारा अवधिपार ब्याज और दण्डनीय ब्याज में 100 प्रतिशत राहत दी जाएगी।

**08. राजस्थान में एमओयू मॉनिटरिंग मोबाइल एप का शुभारंभ कब किया जाएगा?**

(A) 31 मार्च

(B) 27 मार्च

(C) 5 अप्रैल

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ राजस्थान में 31 मार्च को एमओयू मॉनिटरिंग मोबाइल एप का शुभारंभ किया जाएगा

♦राजस्थान दिवस के दिन 30 मार्च को जयपुर में राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह निवेश उत्सव के तहत 31 मार्च को राजस्थान में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में हुए निवेश एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग और निवेश प्रस्तावों की मॉनिटरिंग के लिए मोबाइल ऐप लॉन्च किया जाएगा।

♦साथ ही निवेशकों को भूमि आवंटन पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा इस अवसर पर लॉजिस्टिक, डाटा सेंटर और टेक्सटाइल पॉलिसी का भी विमोचन किया जाएगा।

09. अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (IBC) संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कहां आयोजित करेगा?

(a) अरुणाचल प्रदेश

(b) राजस्थान

(c) उत्तरप्रदेश

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥ IBC अरुणाचल प्रदेश में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करेगा

♦अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (IBC) संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से 21-22 अप्रैल 2025 को अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में “बुद्ध धम्म और पूर्वोत्तर भारत की संस्कृति" शीर्षक से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है।

♦पूर्वोत्तर भारत में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल हैं।

**10. विश्व यकृत दिवस प्रत्येक वर्ष कब मनाया जाता है?**

(a) 17 अप्रैल को

(b) 16 अप्रैल को

(c) 19 अप्रैल को

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥ विश्व यकृत दिवस प्रत्येक वर्ष 19 अप्रैल को मनाया जाता है।

♦इस दिन का उद्देश्य यकृत रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

♦विश्व यकृत दिवस 2025 का विषय 'भोजन ही औषधि है' है।

♦इसकी शुरुआत 2010 में यूरोपियन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ द लिवर (EASL) द्वारा की गई थी।

♦यह दिन 1966 में EASL के गठन के साथ मेल खाता है।

**Today, Quiz:**

**Q. जयपुर राजघराने के ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह की मोम की प्रतिमा कहां लगाई जाएगी?**

(a) नाहरगढ़ वैक्स म्यूजियम

(b) आमेर वैक्स म्यूजियम

(c) जगत पैलेस उदयपुर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine